## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 21.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन उठा हाथी उत्पात का मुद्दा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–मानव–हाथी संघर्ष की समस्या को गंभीरता से ले रही है राज्य सरकार।
2. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर वित्तीय अराजकता का लगाया आरोप, कांग्रेस पर भी साधा निशाना।
3. राज्य में नगर निकाय चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में, आज शाम थमेगा चुनाव प्रचार का शोर, कल रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां।
4. पलामू में नगर निकाय चुनाव को लेकर सख्ती, नौ अपराधी जिला बदर, 69 लाइसेंसधारियों को हथियार जमा करने के निर्देश।
5. गिरिडीह में झामुमो के वरिष्ठ नेता की निर्मम हत्या, घटना से आक्रोशित लोगों ने डुमरी–फुसरो मार्ग को किया जाम, धनबाद में भी अपराधियों ने की गोलीबारी।

****************

विधानसभा में हाथी उत्पात के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार मानव–हाथी संघर्ष की समस्या को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने बताया कि प्रभावित जिलों में वन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया टीमें सक्रिय की गई हैं और नुकसान झेलने वाले परिवारों को शीघ्र मुआवजा देने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर फेंसिंग, जागरूकता अभियान और अंतरराज्यीय समन्वय के माध्यम से इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ग्रामीणों की सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण–दोनों के प्रति प्रतिबद्ध है।

****************

झारखंड विधानसभा में आज हाथी और मानव संघर्ष के गंभीर मुद्दे पर सरकार ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। विधायक रामेश्वर उरांव और निर्मल महतो के सवालों का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन को बताया कि घायल हाथियों के त्वरित इलाज के लिए विभाग दो अत्याधुनिक मोबाइल यूनिट खरीदने जा रहा है, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन कांग्रेस प्रधानमंत्री का विरोध करते–करते देश का विरोध कर रही है। श्री मरांडी ने राज्य सरकार पर वित्तीय अराजकता का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार पूर्व की राशि खर्च ही नहीं कर पा रही है और अनुपूरक बजट पेश कर रही है।

****************

राज्य में आज शाम पांच बजे नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रचार अभियान समाप्त हो जायेगा। इसके साथ ही प्रशासनिक गतिविधियां भी तेज हो गयी है। धनबाद जिले के एक हजार से अधिक बूथों पर मतदान की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में हैं। इस सिलसिले में उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि डिस्पैच के दिन सभी वाहन चालकों एवं पोलिंग पार्टी को कंट्रोल रुम से लगातार दिशा नर्देश जारी किए जाएंगे।

****************

बोकारो के चास नगर निगम में 23 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से एसडीपीओ प्रवीण सिंह ने बोकारो चौंबर ऑफ कॉमर्स और ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। एसडीपीओ ने जानकारी दी कि मतदान के दिन राज्य सरकार ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है ताकि हर नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

****************

पलामू में नगर निकाय चुनाव को भयमुक्त बनाने के लिए एसपी रीष्मा रमेशन ने बड़ी कार्रवाई की है। 9 अपराधियों को जिला बदर कर रामनवमी तक जिले से बाहर रहने का आदेश दिया गया है, जिनमें सबसे

अधिक 4 अपराधी चैनपुर क्षेत्र के हैं। साथ ही, आपराधिक रिकॉर्ड वाले 69 लाइसेंस धारकों को हथियार जमा करने का निर्देश दिया गया है।

****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने आज मेदिनीनगर में मेयर प्रत्याशी अरुणा शंकर के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। बाद में प्रेस वार्ता कर उन्होंने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बूथ कैपचरिंग की आशंका जताते हुए प्रशासन को निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की चेतावनी दी।

****************

गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा को आज एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष सुमन सिन्हा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के ने सुमन सिन्हा और उनके समर्थकों का भाजपा में स्वागत किया।

****************

झामुमो के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राकेश महतो की आज निर्मम हत्या कर दी गई है। उनका शव गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र के घुटवाली के पास जली हुई अवस्था में मिला है। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। इधर, हत्या से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने डुमरी–फुसरो मार्ग को जाम कर दिया है।

****************

धनबाद के चर्चित इलाके वासेपुर में कल देर रात हुई गोलीबारी से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। गैंगस्टर फहीम खान के बेटे के ड्राइवर बबली खान को उस वक्त दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी जब वे तरावीह की नमाज अदा कर रहे थे। गंभीर हालत में उन्हें दुर्गापुर रेफर किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

****************

धनबाद और आसपास के जिलों में इन दिनों बच्चा चोरी की अफवाहों ने गंभीर रूप ले लिया है। सोशल मीडिया पर फैल रहे भ्रामक संदेशों के कारण निर्दोष राहगीरों और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के साथ भीड़ द्वारा हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इन अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें। एसएसपी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि कानून को अपने हाथ में लेना और किसी अजनबी के साथ मारपीट करना गंभीर अपराध है।

****************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 44 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 65 हजार रूपये प्रति किलो है।

****************

राज्य के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार, एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 24 और 25 फरवरी को राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

******************